# झारखण्ड लोक सेवा आयोग
## सर्कुलर रोड, राँची–834001

## प्रेस विज्ञप्ति

**झारखण्ड न्यायिक सेवान्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–22/2023) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

विज्ञापन संख्या–22/2023 के विरूद्ध ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन समर्पित करने वाले वैसे अभ्यर्थी जो दिनांक–10.03.2024 को आयोजित झारखण्ड न्यायिक सेवान्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित हुए हैं, वे पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या–22/2023 में दिये गए निदेश की कंडिका–19(r) के अनुसार पूर्व में समर्पित ऑफलाईन आवेदन एवं वांछित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति अथवा ऑनलाईन आवेदन की प्रति डाउनलोड कर मुद्रित स्वहस्ताक्षरित प्रति के साथ ऑनलाईन आवेदन में सभी वांछित निम्न प्रमाण पत्रों की हार्ड कॉपी की छायाप्रति निर्धारित **तिथि–22.04.2025 05:00 PM से 13.05.2025 05:00 PM** तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के माध्यम से **"परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001"** के पते पर अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

- (i) जन्म तिथि के लिए मैट्रिक प्रमाण पत्र/अंक पत्र।
- (ii) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि स्नातक उतीर्णता संबंधी अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
- (iii) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत निबंधन प्रमाण पत्र।
- (iv) अन्य उच्चतर शैक्षणिक योग्यता (यदि हो तो)।
- (v) जाति प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में (झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों हेतु प्रपत्र–I अथवा प्रपत्र–IV अथवा प्रपत्र–IV (संशोधित) अथवा प्रपत्र–V (संशोधित) में तथा अत्यन्त पिछड़ा वर्ग–I एवं पिछड़ा वर्ग–II कोटि के अभ्यर्थियों हेतु प्रपत्र–XI (क्रीमीलेयर रहित में), किन्तु जाति प्रमाण पत्र (क्रीमीलेयर रहित) की वैधता समाप्त हाने की स्थिति में प्रपत्र–XV में गैर क्रीमीलेयर स्वघोषणा पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।
- (vi) आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु)।
- (vii) स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में (आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों हेतु)।
- (viii) सक्षम प्राधिकार द्वारा पूर्ण सूचनाओं सहित विहित प्रपत्र में निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।
- (ix) खेलकूद कोटे हेतु दावे के समर्थन में खेलकूद प्रमाण–पत्र (जहाँ लागू हो)।
- (x) अनापत्ति प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।

**नोटः– वैसे अभ्यर्थी जो प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित हुए हैं वे अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म तिथि डालकर ऑनलाईन आवेदन की प्रति आयोग के वेबसाईट <u>www.jpsc.gov.in</u> से प्राप्त कर सकते हैं तथा वैसे सफल अभ्यर्थी जिनके पास रजिस्ट्रेशन नम्बर नहीं है या भुल गए हैं वे अपना ई–मेल आईडी, मोबाईल नम्बर तथा जन्म तिथि डालकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं ऑनलाईन आवेदन की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।**

2. लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या, परीक्षा का नाम, अनुक्रमांक तथा पंजीयन संख्या मोटे (Bold) अक्षरों में अंकित किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित अंतिम **तिथि 13.05.2025 संध्या 05:00 बजे** के पश्चात् प्राप्त आवेदन (Hard Copy सहित) स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।